संक्षिप्त

बैंक के बाहर से बाइक चोरी

टोंक। देवली शहर में बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर से एक मोटरसाईकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। जिसके बाद पीड़ित ने अज्ञात चोर के खिलाफ देवली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। परिवादी सुंदर लाल मीणा निवासी कासीर, देवली ने बताया कि गत 13 जनवरी को उसने अपनी मोटर साईकिल को बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्थित एक खाद-बीज की दुकान पर रखा था, तभी दवाई लेकर वापस बाहर आए तो उनकी बाइक वहां से गायब मिली। आस-पास काफी तलाश करने और पूछताछ करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने चोर के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

बजरी से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

निवाई। दतवास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर बजरी से भरे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है। थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राजेशकुमार मीणा के निर्देशानुसार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम को लेकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव व पुलिस उपाधीक्षक रवि प्रकाश शर्मा के सुपरविजन में पुलिस की विशेष टीम का गठन किया। टीम द्वारा अवैध बजरी खनन व परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए मुखबीर की सूचना पर मित्रपुरा रोड पर कोटडा मोड से पहले तन बाढ गौर कलां से अवैध बजरी से भरा एक ट्रेक्टर-ट्रोली को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को थाना परिसर में खड़ा करवा दिया है। पुलिस ने ट्रेलर के चालक व मालिक के विरूद्ध एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर किया है।

बड़ागांव ने गोतोड को हराया

निवाई। बालाजी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में बुधवार को लीग मैच के दौरान रॉयल रेंजर बड़ागांव व गोतोड के मध्य हुआ। जिसमें रॉयल रेंजर बड़ागांव ने जीत दर्ज की। कमेटी के मनराज गुर्जर ने बताया कि मैच में गोतोड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 63 रन बनाए। जिसमें सीताराम जाट ने 3 विकेट लिए व अशोक लांगडी ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए रॉयल रेंजर बड़ागांव ने 5 ओवर में ही जीत दर्ज की। जिसमें राधेश्याम चौधरी ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद 46 रन बनाए। प्रतियोगिता में राधेश्याम चौधरी मेन ऑफ द मैच बने।

हिंदू सम्मेलन की तैयारी

निवाई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर आयोजित हिंदू सम्मेलन की तैयारियों को लेकर दीनदयाल बस्ती शाखा परिसर में जिला सह कार्यवाह सतीश पाटीदार एवं प्रान्त पर्यावरण सह संयोजक रामप्रकाश विजय के सानिध्य में बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्व सम्मती से 1 फरवरी को दीनदयाल बस्ती में स्थित श्याम वाटिका में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।

मनरेगा को कमजोर नही होने दिया जावेगा : विधायक डीसी बैरवा

दौसा। विधायक डीसी बैरवा ने कहा कि कांग्रेस गरीब, मजदूर और ग्रामीणों के हक की लडाई लगातार लडती रहेगी और मनरेगा को कमजोर नहीं होने दिया जाएगा।

- **केन्द्र सरकार मनरेगा को कमजोर कर गरीब, निर्धन, मजदूरों का हक का निवाला छीनने का काम कर रही है**

दौसा विधायक डीसी बैरवा ने मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ग्राम पंचायत भांकरी, जोपाड़ा आदि गांवों में लोगों को सम्बोधित किया।

दौसा विधायक डीसी बैरवा गुरुवार को मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत ग्राम पंचायत भांकरी, जोपाड़ा, कालीपहाडी, कालोता, निमाली, कुंडल, सिंडोली, बडोली एवं तितरवाड़ा कला सहित अन्य ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित ग्राम-ग्राम जनजागरण अभियान में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार मनरेगा को कमजोर कर गरीब, निर्धन, मजदूरों का हक का निवाला छीनने का काम कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दास्त नही किया जावेगा। उन्होंने कहा कि रोजगार के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से ग्रामीणों का लगातार पलायन हो रहा था, उस पलायन को रोकने के लिए कांग्रेस सरकार ने पूरे देश में मनरेगा को शुरु किया था ताकि जरुरतमंद को उसके ही गांव में रोजगार मिल सके तथा अपना परिवार पाल सके। लेकिन केन्द्र सरकार इस योजना में बदलाव कर जरुरतमंद का निवाला छीछने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा से सकारात्मक परिणाम आने के बाद गहलोत सरकार ने शहरी क्षेत्रों में भी रोजगार देने के लिए मनरेगा शुरु की थी, जिसे भी बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने मनरेगा का नाम पर बदलकर जी रामजी रख दिया है, कांग्रेस इसका विरोध करे तो वे अफवाह फैलायेगें कि देखो कांग्रेस राम का विरोध कर रही है। उन्होने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जब तक मनरेगा शुरु नही होगी कांग्रेस का आन्दोलन जारी रहेगा। विधायक डीसी बैरवा ने रोजगार की गारंटी, जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आमजन को जागरूक किया गया।

'सशक्त महिला ही समृद्ध समाज की धूरी'

निवाई। राजकीय महाविद्यालय निवाई एवं कन्या महाविद्यालय निवाई के संयुक्त तत्वावधान में नोडल प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी बघेल की अध्यक्षता में राज्य महिला नीति के तहत ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता एवं महिला सहभागिता विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे नोडल प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी बघेल ने बताया कि सशक्त महिला ही समृद्ध समाज की धूरी है। मुख्य वक्ता कन्या महाविद्यालय पीपलू के प्रोफेसर विकास नोटियाल ने ग्राम पंचायत में महिलाओं की सहभागिता पर विस्तृत जानकारी साझा करते हुए कहा कि आधी आबादी जब ग्राम पंचायत के अपने दायित्वों को सजग होकर निर्वहन करेगी तभी सशक्त समाज का निर्माण होगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कन्या प्राचार्य व महिला नीति प्रभारी डॉ. प्रीति जैन ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे छोटी इकाई ग्राम पंचायत में महिलाओं की भूमिका अति महत्वपूर्ण है।

पावटा में 21 कुण्डीय महायज्ञ की व्यवस्थाओं पर मंथन

- **बैठक में धार्मिक आयोजन की तिथियों, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर गहन चर्चा की**

पावटा। कस्बा स्थित बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर में आगामी 21 कुण्डीय यज्ञ एवं शिवमहापुराण कथा के भव्य आयोजन को लेकर मंदिर महंत जयराम दास महाराज के सान्निध्य में आयोजक समिति की एक विस्तृत एवं महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में धार्मिक आयोजन की तिथियों, कार्यक्रम की रूपरेखा एवं विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर गहन चर्चा की गई, ताकि आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न कराया जा सके।

बैठक के दौरान यज्ञशाला निर्माण, आचार्य एवं विद्वान पंडितों की नियुक्ति, शिवमहापुराण कथा वाचक की व्यवस्था, कलश यात्रा, यज्ञ हवन, प्रसाद वितरण तथा प्रतिदिन होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पेयजल, विद्युत, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता, बैठने की व्यवस्था, सुरक्षा एवं पार्किंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

आयोजक समिति ने आयोजन के सफल संचालन के लिए अलग-अलग समितियों का गठन कर सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि आयोजन पूरी तरह धार्मिक परंपराओं एवं मर्यादाओं के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जाएगा। बैठक में उपस्थित विमल गर्ग, मुकेश गोयल, भीम चौधरी, विनय गोयल, दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, बंटी शर्मा, मामराज शर्मा, विकास, प्रमोद, कालू प्रजापत, गोलू, आकाश बोहरा, धर्मेंद्र बटवाल सहित कमेटी के लोगों व जगन चौधरी, किशन ओला, महेंद्र ओला, महेश थानेदार, सुरेश शर्मा, गजानंद बोहरा सहित गणमान्य नागरिकों एवं समाजसेवियों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया। अंत में समिति द्वारा क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई। बैठक में समिति पदाधिकारी, धर्मप्रेमी नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

दौसा में श्याम मंदिर चरणधाम का पाटोत्सव शुरू

- **मंगल कलश यात्रा और श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए श्रद्धालू**
- **यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं केसरिया रंग की साड़ी में कलश लिए उपस्थित थीं, जबकि पुरुष सफेद कुर्ता-पजामा में सिर पर रामायण की पोथी लिए चल रहे थे**

दौसा। श्याम मंदिर चरणधाम में गुरुवार से 25वां रजत जयंती पाट महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सहजनाथ महादेव से श्याम मंदिर तक मव्य मंगल कलश एवं रामायण शोभायात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में गाजे-बाजे और शाही लवाजमे के साथ यात्रा लालसोट रोड, बरकत तिराहा, गणेश मंदिर, नया कटला, मानगंज, मंडी रोड होते हुए श्याम मंदिर पहुंची। लोगों ने जगह-जगह कलश यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं केसरिया रंग की साड़ी में कलश लिए उपस्थित थीं, जबकि पुरुष सफेद कुर्ता-पजामा में सिर पर रामायण की पोथी लिए चल रहे थे। यात्रा में श्याम प्रभु का भव्य रथ भी चलाया गया। मंदिर परिसर और श्याम बगीची क्षेत्र को आकर्षक रोशनी और तोरण द्वारों से सजाया गया। नए कटला से श्याम मंदिर तक कुल 25 स्वागत द्वार लगाए गए। भागवत कथा का शुभारंभ पाटोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास देवी प्रतिभा श्रीधाम वृंदावन ने कहा कि भागवत कथा का श्रवण करने से सभी तीर्थों का फल प्राप्त होता है और कलयुग में इससे मोक्ष की प्राप्ति संभव है। कथा के मुख्य यजमान सत्यनारायण और हितेश जौपाड़ा ने पूजन किया।

महोत्सव के दौरान 18 जनवरी को दोपहर 3 बजे विराट भजन "अमृत रस गंगा" का आयोजन होगा, जिसमें संजय पारीक, महेश परमार, दीक्षा राठौड, राजू खंडेलवाल और अजय शर्मा प्रस्तुति देंगे। बसंत पंचमी को श्याम प्रभु का विशेष अभिषेक और दिव्य पोशाक धारण कराई जाएगी। 24 जनवरी से 108 आसनों पर रामचरित मानस अखंड पाठ शुरू होगा, जिसके मुख्य यजमान नरेंद्र कुमार और राजेंद्र कुमार अमेरिया होंगे। 25 जनवरी को संत आशीर्वचन का आयोजन होगा। महोत्सव का समापन हवन की पूर्णाहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा। स्वागत अध्यक्ष विजय कुमार और संजय कुमार मित्तल ने बताया कि महोत्सव में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जाएगा।

कृषक भ्रमण दल रवाना

भरतपुर (निस)।कृषि विस्तार सुधार कार्यक्रम (आत्मा) परियोजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए कृषि उद्यमों के श्रेष्ठ व उत्कृष्ट कार्यों को देखने के लिए 05 दिवसीय 02 (महिला एवं पुरूष) अन्तरा-राज्य कृषक भ्रमण दल को गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने हरी झण्डी दिखाकर कृषि परिसर से रवाना किया गया। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि भ्रमण दल के किसानों को राज्य सरकार द्वारा कृषक हित में किये जा रहे नवाचारों को देखने का अवसर मिलेगा। कृषि में अनुसंधान कार्यक्रमों, प्राकृतिक एवं जैविक खेती, हाइटेक एग्रीकल्चर, बागवानी, जल का कुशल प्रबन्धन, पशु एवं पशुशाला प्रबन्धन को मौके पर जाकर देख सकेगें। उन्होंने कृषक दल को बधाई देते हुए कहा कि भ्रमण के दौरान जो भी जानकारी मिले उसे स्वयं भी अपनाये तथा अन्य किसानों को प्रेरित करें। आत्मा परियोजना उप निदेशक डॉ तुलसी सैनी ने बताया कि जिले की सभी पंचायत समितियों से चयनित लगभग 100 महिला एवं पुरूष कृषि में नये नवाचारो से ज्ञान अर्जित कर अपने एवं क्षेत्र के किसानों को इस संबंध में बतायेगें और उत्पादन में आत्म निर्भरता लायेंगे। इस दौरान जिला अध्यक्ष शिवानी दायमा, कृषि विभाग के अतिरिक्त निदेशक कृषि देशराज सिंह, संयुक्त निदेशक उद्यान योगेश कुमार शर्मा, संयुक्त निदेशक कृषि राधेश्याम मीना, उप निदेशक उद्यान जनकराज मीना, उप निदेशक कृषि डॉ हब्बल सिंह, व भ्रमण प्रभारी/सह प्रभारी जीतेन्द्र सिंह फौजदार आदि मौजूद रहे।

'राजस्थान के उचित मूल्य दुकानदारों को सम्मानजक मासिक मानदेय दिया जाए'

भरतपुर (निस)। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन इकाई राजस्थान के भरतपुर संभाग अध्यक्ष गौरव सोनी के नेतृत्व में भरतपुर जिले के राशन डीलरों ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को यूआईटी ऑडिटोरियम में बजट में राशन डीलरों को 30000 रुपया मासिक मानदेय देने के लिए ज्ञापन सौंपा।

सोनी ने बताया कि राजस्थान के लगभग 27000 उचित मूल्य दुकानदार पिछले कई वर्षों से लगातार संघर्षरत है लेकिन उसका अभी तक कोई समाधान नहीं किया गया है।

इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री से निवेदन किया है कि वर्तमान में राशन डीलरों द्वारा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने में राशन डीलर अपना अहम योगदान देते रहें हैं यहाँ तक कि कोरोना काल में भी सरकार की योजना घर-घर राशन वितरण में भी अपनी जान की परवाह किये बगैर लोगों को मुफ्त राशन मुहैया करवाया था जिसमें हमारे कई राशन डीलर शहीद भी हुए हैं।

इसलिए मुख्यमंत्री से विशेष आठाह है कि हमारी मांग को स्वीकार कर बजट में शामिल करते हुए गुजरात राज्य के तर्ज पर राजस्थान में भी 30000रू मासिक मानदेय देने की घोषणा करेंगे ताकि प्रदेश के राशन डीलरों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो सके जो कि प्रदेश में एक ऐतिहासिक कार्य होगा। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है।

राशन डीलरों ने मानदेय की मांग को लेकर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को ज्ञापन सौंपा।

- **ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन इकाई राजस्थान के भरतपुर संभाग अध्यक्ष गौरव सोनी के नेतृत्व में भरतपुर जिले के राशन डीलरों ने गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म को यूआईटी ऑडिटोरियम में बजट में राशन डीलरों को 30000 रुपया मासिक मानदेय देने के लिए ज्ञापन सौंपा।**

निःशुल्क लाइब्रेरी के लिए मकान दिया

निवाई। उप प्राचार्य कन्हैयालाल मीणा ने अपने वातानुकूलित मकान को गांव के बच्चों के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी के लिए युवाओं को समर्पित किया है। कन्हैयालाल मीणा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान टोंक में उप प्राचार्य के पद पर कार्यरत है।

उनके बड़े भाई मोहनलाल मीणा भी जयपुर में डाक्टर के पद पर कार्यरत हैं तथा सबसे बड़ा भाई अमरचंद मीणा भी शारीरिक शिक्षक है। उप प्राचार्य कन्हैयालाल मीणा ने कोराना काल में छात्रों का किराया माफ कर एक मिसाल पेश की थी। मीणा के सानिध्य में ढाई सौ से अधिक शिक्षक राजकीय सेवा में चयन हो चुके है। उन्होंने जनहित सर्वोपरि कार्य करते हुए मकर संक्रांति के पावन पर्व पर कन्हैयालाल मीणा ने अपने गांव अहमदपुरा चौकी के वातानुकूलित मकान को गांव के गरीब बच्चों के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी के लिए युवाओं को समर्पित किया है।

समक्ष न्यायालय अपर सिविल न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर (द्वितीय), जयपुर
वाद संख्या-55/2025
सुनील शर्मा व अन्य बनाम नगर निगम व अन्य
प्रतिनिधित्व वाद (नोटिस अन्तर्गत आदेश-1 नियम-8 सीपीसी)
वादीगण ने मकान नंबर 1426, पीतलीयों का रास्ता, चौकड़ी विश्वेश्वर जी, वार्ड नंबर 73, जौहरी बाजार, जयपुर के संदर्भ में वादीगण ने एक प्रतिनिधित्व वाद प्रस्तुत किया है जिस कारण सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति उक्त वाद में पक्षकार बनना चाहता है तो वह पेशी 16.01.2026 को प्रात 10.30 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर पक्षकार के रूप में संयोजित हो सकते है भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आदेश आज दिनांक 22.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है। (मोहर)
अपर सिविल न्यायाधीश क्रम-01 जयपुर महानगर (द्वितीय) जयपुर

नम्बर मिलाइए 9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल मोहम्मद हजरत अली खान पुत्र श्री इनाम अली, निवासी मकान नंबर 12-बी, एम.के. विहार विस्तार, नाई की थडी, रामगढ रोड, लालवास, जयपुर ने अपने पुत्र मोहम्मद शावेज अली जो कि उनके कहने में नहीं है एवं उनसे बदतमीजी करता है इसलिए इनको अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने सभी संबंध समाप्त कर लिये है एवं भविष्य में उसका मेरे मुवक्किल से कोई वास्ता नहीं रहा है, उसके किसी भी कृत्य के लिए मेरा मुवक्किल कतई जिम्मेदार नही रहेगा।
दिनांक-15.01.2026 (अरशद खान), एडवोकेट मो.नं. 9351935379

प्रपत्र संख्या 7 (देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I/TRUST/2025/1165
चूंकि प्रार्थी श्री कैलाश कुमार बिडसर पुत्र श्री गोविन्द राम बिडसर निवासी 41, अल्पना कॉलोनी, खातीपुरा रोड, झोटवाडा, जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत गांधी उद्योग शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान समिति, कार्यालय पता-किशनगढ रेनवाल, जिला जयपुर राजस्थान के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
(मोहर अदालत) सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना-पत्र
न्यायालय-किराया अधिकरण जयपुर महानगर (द्वितीय) (राज.)
निरंजन सुकलेचा विरूद्ध मोहनलाल
अर्जी संख्या-6/22
नाम मोहन लाल जैन पुत्र श्री सिताब चन्द जैन
मालिक प्रोपराईटर आशा पब्लिशिंग हाउस निवासी 1077, सुकलेचा भवन, चौडा रास्ता, अमर जैन हॉस्पिटल के पास, जयपुर दूसरा पता - मं.नं. 617, सेक्टर-4, जवाहर नगर, दादाबाडी के पास, जयपुर।
प्रार्थी ने आपके विरूद्ध किराये के पुनरीक्षण/बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 16.01.2026 को...बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए चेतावनी दी जाती है।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
नोटिस आज दिनांक 13.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।
(मोहर अदालत) आज्ञा से-रीडर किराया अधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय, राज.

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 9469 आखिर आम सूचना दिनांक 01.01.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/458 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्री नानग राम बंजारा पुत्र श्री कालूराम बंजारा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 5900 दिनांक 17.10.2003 को जारी किया गया। श्रीमती मिथिलेश माथुर पत्नी श्री पुरूषोत्तम नारायण माथुर के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 263 दिनांक 21.06.2019 के द्वारा किया गया। श्रीमती मिथिलेश माथुर के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 16.06.2023 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती मिथिलेश माथुर द्वारा मैसर्स देवांश बिल्ड होम्स प्रो. मुकेश कुमार गुप्ता पुत्र श्री लल्लू प्रसाद गुप्ता को दिनांक 07.07.2023 को मुख्यालनार्थ आम धारकों नियुक्त किया गया। मैसर्स देवांश बिल्ड होम्स प्रो. मुकेश कुमार गुप्ता द्वारा मुख्यालनार्थ आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 14.07.2023 के द्वारा श्रीमती मनीषा पत्नी श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती मनीषा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 06.09.2025 के द्वारा 1. श्री ओम प्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री सीताराम अग्रवाल एवं 2. श्री रजत बंसल पुत्र श्री ओम प्रकाश बंसल को विक्रय कर उप पंजीयक द्वारका, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती 1. श्री ओम प्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री सीताराम अग्रवाल एवं 2. श्री रजत बंसल पुत्र श्री ओम प्रकाश बंसल द्वारा आवंटन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। 1.श्री ओम प्रकाश अग्रवाल एवं 2. श्री रजत बंसल पुत्र श्री ओम प्रकाश बंसल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

नाम संशोधन
मैं रामनरेश पुत्र मलखान निवासी तेसगांव तहसील नादौती जिला करौली, राजस्थान सशपथ बयान करता हूं कि मेरी माता जी का नाम मेरे पिताजी स्व. श्री मलखान के आर्मी रिकॉर्ड में कौशला (KUSHALA) एवं उनकी जन्मतिथि 27.10.1945 गलत दर्ज है जबकि मेरी माताजी के आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों में नाम कौश्यला एवं उनकी जन्मतिथि 1.1.1948 सही दर्ज है। अतः भविष्य में मेरी माताजी को नाम कौश्यला (KAUSHYLA) एवं जन्मतिथि 1.1.1948 से जाना जावे।

खोया पाया
मेरे खरीदशुदा प्लाट नं.11, शबीना विहार-1, खोह नागोरियान, जिला जयपुर राजस्थान का मूल आवंटन पत्र, रसीद, साईट प्लान दिनांक 10.01.2026 को ईदगाह, दिल्ली बाईपास रोड, जयपुर में कहीं गुम हो गये है मिलने पर सूचित करें। अब्दुल नदीम, मो.नं. 9928415003
मेरा फ्लैट नं. एल.ए.-605 प्रताप अपार्टमेंट, प्रताप नगर, सांगानेर जयपुर का मूल भौतिक कब्जा पत्र कहीं गुम हो गया है। मिलने पर संपर्क करें। AVNEET KAVR -8824620800
मैं श्रीराम कुमावत पुत्र श्री केशाराम जाति कुमावत दांतारामगढ जिला सीकर द्वारा अपंजीकृत वैचान पत्र के आधार पर श्री इब्राहीम खां. मो. फजलूदीन पुत्रान श्री आमीन मोहम्मद किशनगढ रेणवाल के पट्टे को हमारे द्वारा 11.05.2018 को क्रय किया गया था उक्त पट्टा 26.04.1952 का बना हुआ है जो गुम हो गया है मिलने पर संपर्क-9799181939
मेरे प्लाट नं. 10 कृष्णा सरोवर फस्ट शिकारपुर सांगानेर जयपुर द्वारा जारी मूल आवंटन पत्र, साइड प्लान रसीद कहीं गुम हो गया मिलने पर संपर्क करें रणजीत यादव पुत्र श्री प्रभु यादव-9024055086

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांक: 9467 आखिर आम सूचना दिनांक 01.01.2026
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास संख्या 261/459 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का आवंटन श्रीमती रूपी पत्नी श्री पूरन मल गुप्ता को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 4302 दिनांक 29.11.2004 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 981 दिनांक 21.04.2005 को जारी किया गया। श्रीमती लक्ष्मी सोनानी पत्नी श्री किशन सोनानी के पक्ष में उक्त आवास का नियमितिकरण पत्र क्रमांक 933/1161 दिनांक 14.05.2013 के द्वारा किया गया। श्रीमती लक्ष्मी सोनानी के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 24.06.2013 को उप पंजीयक सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां पंजीकृत करवाये गये। श्रीमती लक्ष्मी सोनानी द्वारा श्री मनन जेठवानी पुत्र श्री लीलाराम जेठवानी को दिनांक 08.05.2019 को मुख्यालनार्थ आम धारक नियुक्त किया गया। श्री मनन जेठवानी द्वारा मुख्यालनार्थ आम की हैसियत से उक्त आवास को दिनांक 13.06.2019 के द्वारा श्रीमती लक्ष्मी देवी मंगल पत्नी श्री अनिल कुमार मंगल को विक्रय कर उप पंजीयक सांगानेर- प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। श्रीमती लक्ष्मी देवी मंगल द्वारा उक्त आवास को दिनांक 14.05.2025 के द्वारा 1. कृष्ण कुमार बंसल एवं 2. श्री श्याम बंसल पुत्रान् श्री ओम प्रकाश बंसल को विक्रय कर उप पंजीयक द्वारका, जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/केती 1. कृष्ण कुमार बंसल एवं 2. श्री श्याम बंसल पुत्रान् श्री ओम प्रकाश बंसल द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है। 1.कृष्ण कुमार बंसल एवं 2. श्री श्याम बंसल पुत्रान् श्री ओमप्रकाश बंसल का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन
मै सुनीता अहलावत पत्नी श्री कंवर सिंह अहलावत निवासी-ए-1, रोड नं. 1, गणपति नगर रेलवे कॉलोनी, रेलवे स्टेशन रोड, जयपुर। मेरी पुत्री के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सुनीता है जो कि गलत है। अत भविष्य में मुझे सुनीता अहलावत नाम से ही जाना पहचाना जाए।
I have changed my daughter name from Aishwarya Rishi to Aarahvini S. Saxena for all purpose in future. Rishi Saxena R/o F-31, Ram Path Shyam Nagar Jaipur- 302019
I LILA RAM father of Service No JC425064K RANK NB/SUB HARI SINGH YADAV Resident of Vill Rampura,Post Khera,Teh Bansur,Distt Alwar,Raj. Pin 301402. my name LEELA RAM Wrongly Recorded in my Son military Records. As par Aadhaar card my correct name is LILA RAM.affidavit No CB230819.
I SANTRA mother of Service No JC425064K RANK NB/SUB HARI SINGH YADAV Resident of Vill Rampura,Post Khera,Teh Bansur,Distt Alwar,Raj. Pin 301402. my name SANTRA DEVI Wrongly Recorded in my Son military Records. As par Aadhaar card my correct name is SANTRA.affidavit No CB230818.
I RAMKALA Wife of Service No JC425064K RANK NB/SUB HARI SINGH YADAV Resident of Vill Rampura,Post Khera,Teh Bansur,Distt Alwar,Raj. Pin 301402. my name RAM KALA Wrongly Recorded in my Husband military Records. As par Aadhaar card my correct name is RAMKALA.affidavit No CB230820.
I REENA YADAV Daughter of Service No JC425064K RANK NB/SUB HARI SINGH YADAV Resident of Vill Rampura,Post Khera,Teh Bansur,Distt Alwar,Raj. Pin 301402. my name RINA BAI YADAV Wrongly Recorded in my Father military Records. As par Aadhar card my correct name is REENA YADAV.affidavit No CB230821.
I have changed my name NAGMA BAIG W/O AKHTAR BEAG TO "NAGMA W/O AKHTAR BAIG". In future i will be known as Above name Nagma. Address:- A-99, SUMER KARAN JI KA RASTA, BABU KA TIBA, RAMGANJ, JAIPUR, RAJASTHAN
I have changed me and my Father name MO. WASIM AND MO. SHARIF TO "MOHAMMED WASIM AND MOHAMMED SHARIF". In future we will be known as Above names Mohammed Wasim Address:- 1100, HIRAN WALO KA MOHALLA, GHAT G